<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

ए.के.टी.यू. की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में हिन्दुस्तान कॉलेज के 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर लहराया परचम

कम्प्यूटर साइंस विभाग की छात्रा सारिका धरमानी ने 95.5 प्रतिशत अंक लाकर हिन्दुस्तान कॉलेज में रही अव्वल।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा घोषित प्रथम वर्ष के विषम सेमेस्टर परीक्षा परीणाम में शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलाजी के 11 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

संस्थान की इस उपलब्धि पर शारदा ग्रुप के वाईस चेयरमैन श्री वाई. के. गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. वी. के. शर्मा एवं अधिशासी निदेशक प्रो. डी जी रॉय चौधरी ने सभी छात्र/छात्राओं एवं उनके शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

प्रथम वर्ष समन्वयक डॉ. सुरूचि ने संस्थान के छात्रों की श्रेष्ठता सूची के अनुसार सभी छात्रों के अभिभावकों को सूचित करते हुए उन्हें बधाई दी। संस्थान के परीक्षा नियन्त्रक डॉ. आर.के. तिवारी के अनुसार कम्प्यूटर साइंस विभाग की छात्रा सारिका धरमानी ने 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ संस्थान के प्रथम वर्ष की सभी शाखाओं में अव्वल स्थान पाया। वहीं कम्प्यूटर साइंस विभाग की ही छात्रा विजया गर्ग ने 95.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अमन गुप्ता 95.2 प्रतिशत के साथ तृतीय तथा बायोटेक विभाग की छात्रा प्रतिमा यादव ने 93.00 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, वहीं कम्प्यूटर

साइंस विभाग के ही छात्र हर्षित कुमार 91.83 प्रतिशत और आयुष राजपूत 91.5 प्रतिशत के साथ क्रमशः पाँचवे और छठे स्थान पर रहे।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने सभी उत्तीर्ण एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन करने वाले छात्र व छात्राओं के साथ मुलाकात कर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी राह पर चलते रहने के लिए प्रेरित कर शुभकामनायें दीं तथा साथ ही इस अच्छे परिणाम के पीछे सहयोग करने वाले शिक्षकों एवं प्रतिपालकों की भी प्रशंसा की। उन्होंने सभी उत्कृष्ट छात्रों को भी मुबारकबाद दी तथा इसी प्रकार अनवरत मेहनत कर संस्थान को नयी ऊँचाईयाँ हासिल कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर कॉलेज के डीन फेक्ल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन स्टूडेन्ट वेल्फेयर श्री सन्दीप अग्रवाल, असिस्टेंट डीन अकैडमिक श्री विजय कट्टा, डीन आर.एण्ड.डी. डॉ. एम.एस. गौर, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. हेमन्त लाल, डॉ. विनोद कुशवाह, डॉ. पंकज खन्ना, डॉ. केशव देव, डॉ. अर्चना गौतम, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रथम वर्ष के सभी शिक्षकगण, परामर्शदाता एवं प्रतिपालक छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए भविष्य में इसी तरह नये कीर्तिमान स्थापित करने एवं संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित कर बधाई देते नजर आये।